हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.3 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

8 गाय का दूध अमृत के सामान: राजबीर



8 श्री श्याम वंदना महोत्सव में उमड़ा भक्ति का सैलाब



## खबर संक्षेप

### अवैध असलहा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जींद।** ऐंटी थेप्ट स्टाफ ने गांव गौसाईखेड़ा नेशनल हाईवे पूल के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। जुलाना थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। ऐंटी थेप्ट स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव गौसाई खेड़ा नेशनल हाइवे पुल पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा है।

### ताला तोड़कर लाखों की नकदी व सामान्य चोरी

**कैथल।** शहर के वार्ड नंबर 23 में चोरों ने मकान के ताले तोड़कर लाखों रुपए की नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। मामले में सिविल लाइन थाना की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी की घटना के समय परिवार के सदस्य किसी रिश्तेदारी में घर से बाहर गए हुए थे। सिविल लाइन थाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### ट्रैक्टर के साथ भिड़ंत में कार सवार की जान गई

**जींद।** गांव बुराडैहर के निकट जींद-रोहतक मार्ग पर बीती रात कार तथा ट्रैक्टर के बीच हुई भिडंत में कार सवार युवक की मौत हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एंपलॉयज कालोनी निवासी गगनदीप (22) बीती रात रोहतक से कार से अपने घर जींद लौट रहा था।

### बाइक चोरी के मामले में दो आरोपित दबोचे

**कैथल।** बाइक चोरी के एक मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई बिजेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी बाता निवासी अमन व विशाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव लोई जिला मुजफ्फरनगर यूपी हाल गांव बाता निवासी जावेद की शिकायत अनुसार 19 की रात को अज्ञात बाइक चुरी ले गए।

### जींद: पराली के अवशेष जलाने पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव बडौदा में पराली के अवशेष जलाने पर उचाना थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कृषि विभाग के एरिया मैनेजर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सरकारी ने पराली जलाने पर कानून रोक लगाई हुई है। बावजूद इसके बडौदा निवासी सेवा ने खेत में दो एकड़ पराली अवशेष को जला दिया।

### 25 कट्टे चावल चोरी के 4 आरोपितों को किया काबू

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा चलते ट्रक का तिरपाल काटकर 25 कट्टे चावल चोरी करने के मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते 4 आरोपितों को काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड जींद रोड़ कैथल निवासी महेंद्र सिंह की शिकायत अनुसार जींद रोड़ कैथल पर बाला जी ट्रांसपोर्ट के नाम से दुकान हैं।

### जबरन धान की फसल कटाई करने पर केस

**जींद।** गांव साहनपुर में मशीन से तीन एकड़ धान फसल कटाई करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। साहनपुर निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 26 को गांव के ही नरेंद्र व गुरदीप ने उसके खेत से मशीन की सहायता से तीन एकड़ धान फसल की कटाई कर ली।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 2 को

**राजौंद।** एमडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 2 नवंबर को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते स्कूल प्रबंधक देशराज ने बताया कि 2 नवंबर को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आंख, कान, नाक व गले का निशुल्क चेकअप किया जाएगा।

## रिकार्ड से ज्यादा मिला खाद का स्टॉक, दुकानदारों में हड़कंप

### जुलाना में सीएम फ्लाइंग की टीम ने सरपंच बीज भंडार पर मारा छापा

**बिक्री से संबंधित रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना कस्बे में गुरुवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने सरपंच बीज भंडार पर छापा मारकर व्यापक जांच की। अचानक हुई इस कार्रवाई से न केवल दुकान संचालक बल्कि आसपास के अन्य व्यापारियों में भी हड़कंप मच गया। टीम ने दुकान पर उपलब्ध खाद, बीज व कीटनाशकों के स्टॉक सहित बिक्री से संबंधित रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि सरपंच बीज भंडार पर अवैध स्टॉक भी रखा गया है। यह दुकान नंदगढ़ गांव के पूर्व सरपंच हरिओम चलाते हैं। सूचना के आधार पर टीम ने दुकान पर पहुंच कर छापेमारी शुरू की। टीम में कृषि विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। सीएम फ्लाइंग और कृषि विभाग की टीम ने सयुंक्त रूप से छापेमारी की। टीम में सीएम फ्लाइंग के एसआई विजेंद्र, कृषि विभाग के एसडीओ बलजीत, गुणवत्ता कंट्रोल इंचार्ज नरेंद्र पाल, एएसआई कर्मवीर, एएसआई चरण सिंह मौजूद रहे। जांच के दौरान अधिकारियों ने दुकान में रखे खाद और बीज के बैगों के बैच नंबर व निर्माण तिथि की जांच की।



जुलाना। दुकान में जांच करते सीएम फ्लाइंग की टीम। फोटो :हरिभूमि

#### जल्द भेजी जाएगी रिपोर्ट

सूचना मिलते ही बाजार के अन्य खाद बीज विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। सीएम फ्लाइंग की टीम ने छापेमारी के बाद पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी।

#### यूरिया के 172 बैग अधिक

साथ ही दुकान के बिल बुक, जीएसटी रजिस्टर और लाइसेंस से संबंधित दस्तावेज भी खंगाले गए। जांच के दौरान टीम को रिकॉर्ड से ज्यादा खाद का स्टॉक मिला। टीम को रिकार्ड से ज्यादा खाद के 53 बैग और यूरिया के 172 बैग ज्यादा स्टॉक मिला जिनकी रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेजी जाएगी।

## राष्ट्रीय एकता का संदेश लेकर आज दौड़ेंगे जींद-कैथल में युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 31 को कैथल में रन फॉर यूनिटी का आयोजन होगा। इसमें हजारों युवा राष्ट्रीय एकता का संदेश लेकर दौड़ेंगे। कार्यक्रम का आयोजन चौ. छोटू राम इनडोर स्टेडियम में किया जाएगा। इसमें राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वहीं विधायक सतपाल, बीजेपी जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व मंत्री ढांडा, पूर्व विधायक लीला राम व कुलवंत शिरकत करेंगे।

#### जींद में डिप्टी स्पीकर हरी झंडी दिखाएंगे

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती 31 को पुलिस लाइन में सुबह सात बजे रन फॉर यूनिटी का आयोजन पूरे जोश और उत्साह के साथ किया जाएगा। जिला स्तर के अलावा सभी उपमंडलों में भी रन फॉर यूनिटी आयोजित की जाएगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम रणबीर सिंह विवि में किया जाएगा।



जींद। निरीक्षण को लेकर दिशा-निर्देश देते पीएमओ। फोटो :हरिभूमि

## एनक्वास की टीम जाचेंगी लैब आईसीयू व वार्ड की सुविधाएं

**जींद नागरिक अस्पताल का दो टीमें आज करेंगी निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नागरिक अस्पताल का शुक्रवार को दो टीमें निरीक्षण करने आ रही हैं। इनमें से एक टीम एनक्वास की होगी। एनक्वास की टीम पहले 27 अक्टूबर को आई थी। टीम को दो दिन यहां रुक कर जांच करनी थी लेकिन शाम तक कार्यक्रम रद्द कर दिया। इसलिए अब शुक्रवार को टीम नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करने के लिए दोबारा आएगी। यह टीम शुक्रवार को लैबए आईसीयूए मेडिकल वार्ड के साथ.साथ कुछ अन्य विभागों की भी जांच करेगी। टीम यहां मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की जांच करेगी। वहीं दूसरी टीम एडीसी की अध्यक्षता में आएगी। स्वास्थ्य विभाग को एडीसी कार्यालय की तरफ से पत्र जारी किया गया है। इस टीम का नेतृत्व एडीसी विवेक आर्य करेंगे। इस टीम में पीडब्ल्यूडी के एक्सइएन तथा हरियाणा स्टेट पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शामिल होंगे। यह टीम अस्पताल में शौचालयों की व्यवस्थाए बिल्डिंग के जीर्णोद्धार के कार्यए वेस्ट डिस्पोज सिस्टम के साथ-साथ अन्य सुविधाओं की भी जांच करेगी। शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में आने वाली दोनों टीमों के लिए वीरवार को अस्पताल प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी।

#### समीक्षा रिपोर्ट होगी

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि नागरिक अस्पताल में एक टीम एडीसी विवेक आर्य के नेतृत्व में आएगी। इसमें अस्पताल की बिल्डिंग के चल रहे जीर्णोद्धार के कार्य की समीक्षा रिपोर्ट होगी। इसके अलावा कुछ अन्य पहलुओं पर भी टीम बात करेगी। वहीं दूसरी टीम एनक्वास की आएगी। जो अस्पताल की लैब आईसीयू की जांच करेगी। इसके अलावा मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की जांच भी करेगी।

## निजी अस्पतालों को दमा से संबंधित दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

# हवा जहरीली होने पर स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

### छाती रोग एवं नेत्र रोग चिकित्सकों ने दी अहतियात रखने की सलाह

**वीरवार को जींद का एक्यूआई 236 के आसपास चल रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

दीपावली के बाद खराब वातावरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार अहतियात बरत रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी कर सभी निजी अस्पतालों के निर्देश जारी किए हैं कि दमा से संबंधित दवाओं की उपलब्ध को सुनिश्चित किया जाए। वहीं छाती एवं नेत्र रोग चिकित्सकों ने आमजन को स्वास्थ्य का विशेष रखरखाव करने की सलाह दी है। गौरतलब है कि दीपावली पर्व के बाद जींद का एक्यूआई 400 से पर पहुंच गया था। धीरे-धीरे एक्यूआई 300 पर आया और आज भी एक्यूआई 236 के आसपास चल रहा है। जो दमा के रोगियों के लिए खतरनाक है। जिसके कारण अस्पतालों में दमा रोगियों की संख्या में भी एकाएक इजाफा दर्ज किया गया है।



जींद। नागरिक अस्पताल में आंखों की जांच करवाने ले जाते हुए।

#### मौसम साफ होने पर बाहर निकले

डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि प्रदूषण को लेकर आमजन से अहतियात रखने की अपील की गई है। जिला मुख्यालय सहित अन्य अस्पतालों में भी दमा के रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। इसलिए आमजन से अपील की जाती है कि वे अल सुबह एवं सायंकाल के समय यदि आवश्यक नही है तो बाहर न निकलें। क्योंकि प्रदूषण का स्तर अल सुबह एवं सायंकाल को अधिक रहता है। इसलिए मौसम साफ होने पर ही बाहर निकले।

#### पराली जलाने पर चालान

प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रिय अधिकारी अश्वनी शर्मा ने बताया की बढ़ते प्रदुषण पर अंकुश लगाने की दिशा में किसानों को जागरूक करने के लिए केंद्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड की एक टीम भी जिला में दौरा कर रही है और किसानों को पराली न जलाने बारे जागरूक कर रही है। जिला प्रशासन की और प्रत्येक गांव में तीन सदस्यीय टीम भी बनाई गई है जो कि जागरूक करने के साथ-साथ पराली जलाने की घटना की सूचना भी दे रही है। नरवाना और सफीदों में पराली जलाने के जो मामले आए हैं, उनमें प्राथमिकी दर्ज कर करीब पचास हजार के चालान भी किए गए हैं।

#### तुरंत चिकित्सक से मिले

ऐसे में इस पर अंकुश लगाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है और जिला के तमाम निजी एवं सरकारी अस्पतालों में सिविल सर्जन की और से आदेश जारी किए गए हैं कि सभी अस्पताल दमा रोग से संबंधित दवाओं की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में रखना सुनिश्चित करें। नागरिक अस्पताल में छाती रोग विशेषज्ञ डा. विनिता ने कहा कि इन दिनों दमा के रोगी ज्यादा उपचार के लिए आ रहे हैं। इसके पीछे पर्यावरण का खराब होना है। अगर दमा रोगी को स्वच्छ हवा न मिलने तो फेफडे सिकुडने लगते हैं जो घातक सिद्ध होते हैं। ऐसे में अस्पताल में आने वाले दमा रोगियों को विशेष रखरखाव की सलाह दी जा रही है। नेत्र चिकित्सक डा. गितांशु व डा. कुसुम ने कहा कि इस समय आंखों में पानी आने के मामले सामने आ रहे हैं। आंखों को लेकर यदि किसी भी प्रकार की समस्या है तो तुरंत नेत्र चिकित्सक से जांच करवानी चाहिए।



हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य मांगे राम नागरिक अस्पताल का दौरा करते।

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने किया निरीक्षण

**कैथल।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य मांगे राम द्वारा वीरवार को सिविल अस्पताल कैथल का दौरा किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेनू चावला, बाल कल्याण समिति कैथल के चेयरमैन भीम सैन अग्रवाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी शशि बाला, प्रोटेक्शन ऑफिसर राजबीर सिंह, पीपीओ सुनीता तथा एएलसी श्रम विभाग राजेश कुमार उपस्थित रहे। बैठक में बाल संरक्षण एवं कल्याण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी में रह रहे बच्चों की मैडिकल एग्मानिशेन रिपोर्ट समय पर तैयार करने, तथा जिले के चिल्ड्रन बेसउ रिसोर्स सेंटर को शीघ्र उन्नत करने के निर्देश दिए गए।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**देवबन में अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



देवबन गांव में अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक बुधवार रात के समय अपनी बाइक से किसी काम से जींद जिले के गांव पेगा से देवबन आ रहा था। पुलिस को गश्त के दौरान युवक की मौत की जानकारी मिली। पुलिस को रास्ते में एक बाइक सड़क पर गिरी हुई मिली। इसके पास ही युवक का शव पड़ा था। जैसे ही देवबन गांव में मंदिर के पास पहुंचा तो उसकी बाइक की टक्कर अज्ञात वाहन से हो गई। युवक की पहचान गांव देवबन निवासी अक्षय के रूप में हुई है। इस घटना के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। गांव देवबन के सरपंच गजे सिंह ने बताया कि अक्षय देर रात को गांव पेगा से देवबन आ रहा था। वहां सड़क हादसे में अक्षय की मौत हो गई। राजौंद थाना एसएचओ राजकुमार ने बताया कि पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 4 किलो 672 ग्राम चरस के साथ दो तस्कर दबोचे

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल ने स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में उत्तराखंड से 4 किलो 672 ग्राम चरस लेकर बेचने के लिए कैथल आ रहे दो नशा तस्करों को काबू किया है। पकड़े गए नशे की कीमत करीब 9 लाख रुपए की है। इस मामले में डीएसपी क्राइम सुशील प्रकाश ने जानकारी दी है। डीएसपी ने बताया कि बुधवार रात के समय एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की टीम गश्त दौरान ढांड रोड कैथल पर मौजूद थी। जहां एक गुप्त सूचना मिली कि कमालपुर निवासी रामजुआरी व उसका साथी बड़सीकरी खुर्द निवासी राजेश काफी समय से नशीला पदार्थ चरस बेचने का काम करते है। जो एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में ढांड से कैथल आने वाले है। इन आरोपियों को कैथल रोड पर नाकाबंदी करके नशीले पदार्थ सहित काबू किया जा सकता है।

## अवैध कॉलोनी में डीटीपी ने की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला नगर योजनाकार प्रवीण ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से कैथल की राजस्व संपदा पट्टी चौधरी में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्यवाही की। अवैधकालोनियों में कार्यवाही एचडीआर एक्ट 1975 के प्रावधान अनुसार की गई। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ संदीप चहल बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहे। प्रवीण ने बताया कि कैथल की राजस्व संपदा पट्टी चौधरी में करीब दो एकड़ में पनप रही कालोनी में मिट्टी से बनी सड़कें, डीपीसी तथा सीवरेज को शुरुआती चरण में जेसीबी की मदद से तोड़ा गया।



#### कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

तोड़फोड़ की कार्रवाई से पहले कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके अवैध कालोनियों को रोकने के आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाई जा रही अवैध कालोनी के निर्माण कार्य को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया। जिसके बाद डीटीपी का अमला पुलिस बल संबंधित कालोनी में पहुंचा और तोड़फोड़ की कार्रवाई को अमल में लाया गया। इसके साथ ही पुलिस को संबंधित भू-मालिकों एवं डीलरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायत दी गई है। जिला नगर योजनाकार द्वारा आम लोगों से अपील की है कि वे किसी कालोनी में प्लाट लेने से पहले उसकी वैधता जरूर चैक कर लें। उन्होंने बताया कि शहर में अवैध निर्माणों व अवैध कालोनियों को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। अवैध निर्माण करने वालों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**योजना** | विद्यार्थियों को बेहतर पोषण देने के लिए मिड-डे मील में किया बदलाव

## सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को मिड-डे मील में सप्ताह में एक दिन खीर और पिन्नी मिलेगी

**मौलिक शिक्षा हरियाणा महानिदेशक ने जारी किया पत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सरकारी स्कूलों में अब मिड-डे मील में विद्यार्थियों को सप्ताह में एक दिन अब खीर और पिन्नी मिलेगी। विद्यार्थियों को बेहतर पोषण देने के लिए विद्यार्थियों के मिड डे मील में थोड़ा बदलाव शुरू किया गया है। इसके लिए मौलिक शिक्षा हरियाणा महानिदेशक ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया है। राजकीय स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दोपहर के समय मिड-डे मील वितरित किया जाता है। इस कदम से न केवल बच्चों को पौष्टिक भोजन मिलेगा बल्कि यह सुनिश्चित होगा कि भोजन की गुणवत्ता भी बनी रहे। जिले में पहली से आठवीं कक्षा में 63753 विद्यार्थियों को मिड डे मील दिया जाता है। शिक्षा विभाग इस बात को लेकर चिंतित है कि बच्चों को जो भोजन दिया जा रहा है वह ताजा और सुरक्षित हो। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन प्राप्त हो सके। इन सुधारों के माध्यम से विद्यालय शिक्षा निदेशालय यह सुनिश्चित करना चाहती है कि सभी बच्चे न केवल अच्छी शिक्षा प्राप्त करें बल्कि उनकी शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद मिले।

#### मिड-डे मील में बदलाव

जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा ने बताया कि अब विद्यार्थियों को सप्ताह में एक-एक दिन खीर और पिन्नी भी दी जाएगी। इससे विद्यार्थियों को बेहतर पोषण मिलेगा। सरकारी स्कूलों में दोपहर के समय विद्यार्थियों को मिलने वाले मिड डे मील में बदलाव किया गया है।

#### विद्यार्थियों को ये मिल रहा भोजन

मिड-डे मील में विद्यार्थियों को मिलैट पराठा, सोया खिचड़ी, मीठा दलिया, चावल व सफेद चना, चना दाल खिचड़ी, मिस्सी पराठा, दाल चावल, रोटी व मसूर दाल, मूंगफली चावल, नमकीन दलिया, पुलाव, कड़ी पकोड़ा, गुड़ रोटी, दही, सफेद चना जैसे व्यंजन शामिल हैं।



#### जिले में 63753 विद्यार्थी पात्र

जिले में पहली से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को मिड-डे मील दिया जाता है। इसमें बाल वाटिका में 4670, पहली कक्षा में 5644, दूसरी कक्षा में 5094, तीसरी कक्षा में 5085, चौथी कक्षा में 7289, पांचवीं कक्षा में 8421, छठी कक्षा में 8886, सातवीं कक्षा में 9107 और आठवीं कक्षा में 9557 विद्यार्थी हैं।



नगूरां गांव में शिविर में भाग लेती दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की पात्र महिलाएं।

### अज्ञानता के फेर में उलझी पात्र महिलाएं

**अलेवा।** दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को सफल बनाने के लिए सीपीएलओ, आंगनबाड़ी वर्कर तथा आशा वर्कर फील्ड में उतर चुकी हैं। इसी के चलते योजना को सफल बनाने को लेकर वीरवार को सीपीएलओ मोनिका तथा पूनम के नेतृत्व में नगूरां गांव में एक शिविर का आयोजन किया गया। सीपीएलओ पूनम ने बताया कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना से जुड़ी पात्र महिलाएं अज्ञानता के चलते अपना रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सीएससी सेंटर तथा शिविर में दोनों जगह पहुंच रही है। जिसके कारण एक महिला का रजिस्ट्रेशन देखने के लिए ही पूरा-पूरा दिन लग रहा है। यही नहीं किसी महिला का रजिस्ट्रेशन सफल होने के बाद भी फिर से पात्र महिला के मोबाइल पर वैरिफेकेशन का मिसेज आ रहा है। जिसके कारण बार-बार वही महिलाएं फोन उठाए शिविर में पहुंच रही है। ऐसे में पूरा दिन कुछ ही महिलाओं का रजिस्ट्रेशन करने में गुजर जाता है। पात्र महिलाओं से अपील की है कि अपना रजिस्ट्रेशन सीएससी सेंटर पर कराने के बाद शिविर में न पहुंचे ताकि अन्य पात्र महिलाएं जो एक ही जगह शिविर में रजिस्ट्रेशन कराने आई है उनका समय खराब न हो।

## खबर संक्षेप

### संत कबीर महासभा की बैठक 16 नवंबर को

**जींद।** संत कबीर महासभा की बैठक 16 नवंबर को बुलाई गई है। संस्था के प्रधान सतबीर सिंह लाडवाल ने बताया कि संस्था के सभी आजीवन सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने के लिए सूचित किया जा रहा है। बैठक में संस्था के आजीवन सदस्य ही भाग ले सकते हैं। निर्माणाधीन संत कबीर छात्रावास में होने वाली इस बैठक का समय दोपहर 11 बजे से सायं तीन बजे तक का रहेगा। बैठक में संस्था की भलाई से जुड़े मुद्दों पर मंथन किया जाएगा।

### दो दिवसीय श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन आज से

**जींद।** लाडले श्याम के सेवा समिति जींद द्वारा 31 अक्टूबर से दो दिवसीय श्याम महोत्सव शुरू हो रहा है जो बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव में मुख्यअतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल, आप महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष डा. रजनीश जैन तथा जिला परिषद चेयरमैन कुलदीप रंधावा शामिल होंगे।

### भेद नहीं ओम नाम और राम नाम में

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि कुछ समय मरा-मरा कहने से राम-राम और कुछ समय राम-राम कहने से परम तत्व परमात्मा के ओम नाम का सुमिरन अपने आप होने लगता है। इस प्रकार परमात्मा के ओम नाम और राम नाम में कोई भेद नहीं है। इसके अतिरिक्त परमात्मा को चाहे ओम कहो, चाहे राम कहो, चाहे कृष्ण कहो, चाहे शिव कहो, चाहे गायत्री मां कहो, चाहे दुर्गे मां कहो, चाहे गोड कहो, चाहे वाहेगुरु कहो, चाहे अल्लाह कहो वह एक है।

### नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया नाटक प्रस्तुत

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा में नशा विरोधी सेल तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत नशा के दुष्प्रभावों के प्रति नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मनीष कुमार ने की तथा संचालन नशा विरोधी सेल प्रभारी चांदराम ने किया। इस दौरान नशा विरोधी सेल तथा एनएसएस स्वयं सेवकों ने नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव, नशे के कारण कैसे जीवन बर्बाद हो जाता है।

### जिला युवा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**जींद।** युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा जिला युवा महोत्सव 2025 के आयोजन और पंजीकरण की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। अब यह महोत्सव तीन व चार नवंबर को आयोजित किया जाएगा। जबकि प्रतिभागियों के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि दो नवंबर निर्धारित की गई है। जिला प्रशासन एवं विभाग की ओर से तैयारियों को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिला उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा महोत्सव की व्यवस्था करेंगे।

### राष्ट्रीय ई गवर्नेंस पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा राष्ट्रीय ई गवर्नेंस पुरस्कार योजना 2026 के तहत ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय ई गवर्नेंस पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य ई गवर्नेंस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करना और प्रशासनिक सुधारों को बढ़ावा देना है। डीसी ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### गोशाला में मनाया गोपाष्टमी का पर्व

**उचाना।** बड़ौदा बाबा दलीप गिरी गौशाला में गोपाष्टमी पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सज्जन शास्त्री ने कहा कि गौमाता की सेवा के बिना हमारा कल्याण संभव है। गौ वंश की सेवा, रक्षा एवं संवर्धन के संदेश को अपने में समाहित करने वाले पावन पर्व का नाम ही गोपाष्टमी है। भगवान कृष्ण गायों की सेवा किया करते थे। इसलिए ग्वाला भी कहा जाता है। गाय माता को हिंदु धर्म में माता का दर्जा है।

---

### उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग उठाई

# रेलवे अंडरपास के निर्माण में हो रही देरी बनी परेशानी

### तीन साल से बंद पड़ा पूरा रोड, हजारों लोग परेशान

**अंडरपास के निर्माण कार्य में काफी लेटलतीफी बरती जा रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। भिवानी रोड अंडरपास के मामले में डीसी से मिला शिष्टमंडल। फोटो :हरिभूमि

भिवानी रोड रेलवे अंडरपास के निर्माण में हो रही देरी को लेकर जनता की परेशानी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर वीरवार को जींद विकास संगठन का एक शिष्टमंडल संगठन के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयलए बलजीत रेढुए जसवंत लाठर इत्यादि के नेतृत्व में जिला उपायुक्त जींद से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंप कर अंडरपास का कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाने की मांग की।

राजकुमार गोयल ने कहा कि भिवानी रोड पर बन रहे रेलवे अंडरपास के निर्माण कार्य में काफी लेटलतीफी बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि यह हैरानी की बात है कि एक छोटे से अंडरपास के लिए पूरे रोड को तीन साल से बंद करके रख दिया गया है। दर्जनों कॉलोनियों के हजारों लोग और सैकड़ों दुकानदार भारी परेशानी झेल रहे हैं। तीन महीने से तो यहां निर्माण का काम ही बंद है। कोई भी विभाग जिम्मेवारी लेने को तैयार नही है। एचएसआरडीसी कह रहा है कि हमारा काम खत्म हुआ रेलवे विभाग का काम बाकी है। रेलवे विभाग कोई जवाब नहीं दे रहा। आखिर यहां के लोग किसको फरियाद करे आखिर जींद प्रशासन और सरकार में से कोई तो जिम्मेदारी ले। गोयल ने कहा कि देश में शायद ही ऐसा कोई उदाहरण मिलेगा जहाँ एक छोटे से अंडरपास के कारण पूरे रोड को तीन साल तक बंद रखा गया हो। प्रशासन को चाहिए कि वह तुरंत हस्तक्षेप कर कार्य को प्राथमिकता से पूरा करवाए। उन्होंने बताया कि अंडरपास का कार्य 2022 में शुरू हुआ था और इसे मार्च 2024 तक पूरा किया जाना था लेकिन 2025 जाने को है फिर भी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। रोड बंद होने के चलते शहर से आने वाली जनता को रोहतक रोड बाईपास से घूमकर आना.जाना पड़ रहा है। जिससे समय, ईंधन और पैसे की बर्बादी हो रही है।

#### जल्द पूरा करवाने का आश्वासन

भिवानी रोड क्षेत्र में देवीलाल चौक से लेकर भिवानी रोड बाईपास तक के इलाके में अजमेर बस्तीए खेम नगर, बाल आश्रम बस्ती, भूपेंद्र नगर, गुप्ता कॉलोनी सहित दर्जनों कॉलोनियां हैं जिनमें करीब 15 हजार से अधिक लोग रहते हैं। अंडरपास बंद होने से इन सभी की आवाजाही बाधित है और दुकानदारों के कारोबार ठप पड़ गए हैं। जींद के डीसी ने शिष्ठमंडल की बात को बडे ध्यान से सुना उन्होने मौके पर ही अधिकारियों से बात की। डीसी ने आश्वासन दिया कि इस अंडरपास को जल्द ही पूरा करवाया जाएगा।

---

# छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



नरवाना। शिविर में भाग लेने वाली छात्राएं शहर में जागरूकता रैली निकालती हुई।

सनातन धर्म महिला कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्या डॉ नयनदीप ने की। सबसे पहले कार्यक्रम अधिकारी मधु शर्मा ने शिविर की पूरे दिन की रूपरेखा के बारे में छात्राओं को बताया कि कौन.कौन सी गतिविधियां करवाई जाएगी और छात्राओं को पूरे उत्साह के साथ गतिविधियों में भाग लेने के लिए उत्साहित किया। मधु शर्मा ने तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत करवाया सेवन न करने की शपथ ग्रहण करवाई।

#### तंबाकू हटाओ देश बचाओ के नारे गूंजे

कार्यकारी प्राचार्या डॉ नयनदीप ने स्वयंसेविकाओं को शिविर के लिए शुभकामनाएं दी तथा इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़.चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वयंसेविकाओं ने तंबाकू निषेध के नारे लगाते नरवाना शहर में जागरूकता रैली निकाली और तंबाकू हटाओ देश बचाओ आदि के नारे लगाए। शिविर के दौरान स्लोगन प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका सुदेश बनवालाए सोनू व नताशा ने निभाई। प्रतियोगिता का विषय तंबाकू निषेध रहा। इस प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मनप्रीत प्रथमए बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ढुल तृतीय स्थान पर रहे।


जींद। आपदा प्रबंधन की जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूकता जरूरी

**जींद।** गांव दनौदा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को सात एनडीआरएफ बठिंडा की टीम द्वारा एक दिवसीय विशेष स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में आपदा के समय सतर्कता, बचाव और प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। एनडीआरएफ टीम का नेतृत्व कमांडेंट ओपी बिश्नोई एवं इंस्पेक्टर त्रिलोक रावत ने किया। टीम में हवलदार विक्रम सिपाही जयबीर, राम सिंह गुज्जर, धर्मेंदर, सूरज भी शामिल रहे। इस अवसर पर जिला आपदा प्राधिकरण जींद की ओर से संत्रा, विक्रम मोर एवं नवीन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य शमशेर सिंह ने एनडीआरएफ टीम का स्वागत किया। टीम द्वारा विद्यालय को आपदा के समय उपयोगी आपदा राहत किट भी प्रदान की गई। एनडीआरएफ के विशेषज्ञों ने छात्रों को भूकंप, आग, बाढ़ जैसी आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षित उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### भिक्षावृत्ति करने वाले पांच बच्चों का किया रेस्क्यू

**जींद।** मानव तस्कर विरोधी ईकाई एवं गैर सरकारी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया ने गुरूवार को सयुंक्त रूप से अभियान चलाते हुए डीआरडीए के सामने की हुडा मार्केट में भिक्षावृत्ति करते हुए पांच बच्चों का रेस्क्यू किया है। एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला समन्वयक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि पिछले कई दिनों से शिकायतें आ रही थी कि लगभग एक दर्जन छोटे बच्चे डीआरडीए कार्यालय के सामने स्थित मार्केट में भिक्षावृत्ति कर रहे हैं। इनकी उम्र सात वर्ष से लेकर 14-15 वर्ष बताई गई। इन बच्चों से दुकानदार एवं राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। मार्केट में किसी गाड़ी या मोटरसाइकिल के रुकते ही इन बच्चों का दल भीख मांगने के लिए उनका पीछा करने लगता। मार्केट आने वाली महिला ग्राहक तो इस समस्या के चलते काफी परेशान थी। क्योंकि इन बच्चों का दल उनका पीछा करते-करते दुकान में भी घुस जाता था। दुकानदारों और ग्राहकों द्वारा डांटने-फटकारने के बावजूद भी यह बच्चों का दल सुबह से शाम तक मार्केट में भीख मांगने का कम अनवरत जारी रखे हुए था।

---

### फेंसिंग चैंपियनशिप में खुशी ने लहराया परचम

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल जींद की छात्रा खुशी ने तलवारबाजी खेल में हरियाणा स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप 2025-26 पदक प्राप्त कर अपना परचम फहराया। डीएवी प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने बताया कि खुशी एक होनहार छात्रा है। यह खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी होशियार है। खुशी ने अनेक पदक प्राप्त कर डीएवी विद्यालय का नाम रोशन तो किया ही है। साथ में जींद शहर, हरियाणा प्रदेश व भारत देश का नाम भी रोशन कर रही है। ये तलवारबाजी खेल 28 अक्तूबर को सिसाय में संपन्न हुए। इसमें लगभग 30 बच्चों ने भाग लिया। खुशी ने जूनियर में रजत पदक व टीम में कांस्य पदक प्राप्त किया। खुशी ने देश में ही नहीं विदेशों में भी अपना दमखम दिखाया है। विद्यार्थी ने बताया कि खुशी ने जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय खेलों में तो अनेकों पदक प्राप्त किए ही हैं।


जींद। पदक जीतने वाली छात्रा प्राचार्या के साथ। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। दुर्गा मंदिर में लगाए गए भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते बच्चे।

### गोपाष्टमी हिंदुओं का पावन पर्व

**नरवाना।** शहर की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था दुर्गा मंदिर ट्रस्ट ने पतराम नगर स्थित दुर्गा मंदिर में गोपाष्टमी के पावन पर्व पर भंडारे का आयोजन किया। मंदिर प्रधान नरेश धरोदी ने बताया कि गोपाष्टमी हिंदुओं का पावन पर्व है। हिंदू मानते हैं कि गाय में तैंतीस कोटि देवता निवास करते हैं। वैज्ञानिक ने भी माना है कि गाय पालन से सुखए समृद्धि बढ़ती है व रोगों का नाश होता है। आयुर्वेद तो गाय के दूध को अमृत मानता है। पंडित गीता राम ने कहा कि भारत में गाय की महत्ता पर अनेक महापुरुषों ने महत्त्वपूर्ण विचार व्यक्त किए हैं। भगवान कृष्ण को तो गोपाल की संज्ञा दी गई है। अवसर पर सर्वप्रथम विधिवत पूजा की गई व भोग लगाया गया। तत्पश्चात 700 बच्चों को प्रसाद व दक्षिणा वितरित की गई। इस भंडारे में कृष्ण लाल, धर्मवीर गोयल, रामनिवास, संजीव बडनपुर आदि मौजूद रहे।

### एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** राजकीय कालेज की रेड रिबन क्लब इकाई द्वारा लज्जाराम गुरुकुल विद्यापीठ पांडु पिंडारा में विद्यार्थियों के लिए एचआईवी एवं एड्स जागरूकता विषय पर एक शिक्षाप्रद फिल्म प्रदर्शित की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में एचआईवी, एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी देना था। फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को यह बताया गया कि एड्स किन कारणों से फैलता है। इसके लक्षण क्या हैं और इससे बचाव के कौन से उपाय सबसे प्रभावी हैं। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं, 11वीं तथा 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और फिल्म के माध्यम से एड्स के प्रति आवश्यक जानकारी एवं जीवन में अपनाए जाने वाले सुरक्षित व्यवहार सीखे। इस अवसर पर श्री लज्जाराम गुरुकुल विद्यापीठ की प्राचार्या सीमा वत्स ने अपने सहयोग एवं मार्गदर्शन से कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं पर्यवेक्षण डा. भगवान दास और मुकेश द्वारा किया गया।



जींद। फिल्म देखते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि


उचाना। शुद्ध रसोई में खाना परसोते अनिल शर्मा।

### नर सेवा नारायण सेवा से बढ़कर : अनिल शर्मा

**उचाना।** नागरिक अस्पताल के सामने शुद्ध रसोई में ब्राह्मण चौबीसी के प्रधान अनिल शर्मा पहुंचे। शर्मा ने कहा कि प्रमुख समाज सेवी ओमप्रकाश भौंगरा द्वारा जो शुद्ध रसोई उचाना में शुरू की है उससे बड़ा कोई पुण्य नहीं है। यहां पर हर रोज 500 से अधिक युवा, मजदूर, मरीज, आमजन खाना खाने आते है। यहां पर बिना किसी शुल्क के खाना खिलाया जाता है। जो यहां पर व्यवस्था खाने, बैठने की है वो शायद ही किसी बड़े भोजनलाय में हो। नर सेवा को नारायण सेवा बताया गया है। नर से बड़ी कोई सेवा नहीं है। जो पुण्य का काम शुद्ध रसोई की शुरूआत करके ओमप्रकाश भौंगरा ने किया है वो सराहनीय है। हर किसी को चाहिए कि वो अपने स्तर पर समाज में इस तरह के कार्य करें। अनेकों कार्य होते है जिससे हम जरूरतमंदों के लिए सहारा बन सकते है। आज समाज सेवा करने वालों की कमी नहीं है। समाज सेवा का उद्देश्य सही हो इसको लेकर निरंतर कार्य करते रहने चाहिए। मौके पर राजू शर्मा, शमशेर श्योकदं, काला भौंगरा मौजूद रहे।

---


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### धूमधाम से मनाई गोपाष्टमी

**जींद।** श्री सोमनाथ गौशाला में वीरवार को गोपाष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य अशोक शर्मा द्वारा हवन किया गया व गौ माता का पूजन किया गया। गौशाला प्रधान सतीश कुमार गोयल, उप प्रधान राजपाल सैनी, कार्यकारिणी सदस्य सुंदर गोयल, सुरेंद्र सैनी, राकेश गोयल, काकू राम मंगला, सूबे सिंह सैनी, सुनील गोयल, रवि प्रकाश सिंगला, राममेहर ढांडा, अनिल अग्रवाल, नवीन गोयल, कविता वर्मा व अन्य श्रद्धालु मौजूद थे। गौशाला प्रधान सतीश कुमार गोयल ने कहा कि गौ सेवा ही ईश्वर सेवा है। कहा कि यह पर्व गोसेवा के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है। जिनकी सेवा से समाज में सुखए समृद्धि और शांति बनी रहती है। कहा कि हिंदू धर्म में गायों को बहुत ही पवित्र माना गया है। ऐसा भी कहते हैं कि गाय में ही सभी देवी, देवताओं का निवास होता है। साल में कई ऐसे व्रत उत्सव आते हैं जब गायों की पूजा विशेष रूप से की जाती है। गोपाष्टमी भी इन उत्सवों में से एक है। ये पर्व हर कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर मनाया जाता है।

# सफाई कर्मचारियों के वेतन वृद्धि की मांग को पूरा करे प्रदेश की नायब सैनी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। प्रचार अभियान चलाए हुए। फोटो :हरिभूमि

बीडीपीओ परिसर में जींद ब्लॉक के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की बैठक ब्लॉक प्रधान राजेंद्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य मुद्दा ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा के आह्वान पर नौ नवंबर को कुरुक्षेत्र में होने वाली महापुकार रैली को सफल बनाने का था। बैठक के बाद ब्लॉक प्रधान राजेंद्र ढांडा खेड़ी ने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में रैली को लेकर भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। यूनियन के नेता व कार्यकर्ता महापुकार रैली के लिए गांव-गांव जाकर सफाई कर्मचारियों से रैली में हिस्सेदारी करने का आह्वान कर रहे हैं। यह आंदोलन केवल सफाई कर्मचारियों का नही बल्कि हर मेहनतकश कर्मचारी की आवाज को बुलंद करने वाला आंदोलन है। राज्य सरकार ने बार-बार घोषणाएं की लेकिन उन्हें लागू नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों का वेतन 26 हजार से बढ़ा कर 27 हजार करने की घोषणा की थी लेकिन उसे आज तक लागू नहीं किया। जिला प्रधान गुलाब बिरौली ने मांग की कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पक्का किया जाए।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

### साफ्ट स्किल्स पर विशेष व्याख्यान

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के वाणिज्य विभाग द्वारा सॉफ्ट स्किल्स अपने व्यक्तित्व को निखारें और अपनी उपस्थिति को सशक्त बनाएं विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डा. उपासना गर्ग के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की वक्ता डा. प्रिया शर्मा (स्वर्ण पदक विजेता) पीएचडी इंग्लिश रही। जिन्होंने विद्यार्थियों को कारपोरेट सेक्टर में सॉफ्ट स्किल्स और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के महत्व पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। आत्मविश्वास, प्रभावी संवाद एवं सकारात्मक सोच विकसित करने के विभिन्न उपाय बताए। कार्यक्रम में अनेक विद्यार्थियों ने भाग लेकर सत्र को अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं व्यक्तित्व विकास हेतु लाभदायक बताया। कार्यक्रम में विभाग के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। डा. उपासना गर्ग ने संसाधन व्यक्ति का धन्यवाद ज्ञापित किया और विद्यार्थियों को इस प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम मोर ने वाणिज्य विभाग के इस प्रयास के लिए प्रशंसा की और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया।

---

### भक्ति रस में सराबोर हुआ जींद शहर, भजनों का लिया आनंद

# श्री श्याम वंदना महोत्सव में उमड़ा भक्ति का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



श्री श्याम प्रचार महिला समिति जींद द्वारा श्री श्याम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित तीसरा भव्य श्री श्याम वंदना महोत्सव सेठों वाली धर्मशाला घंटा घर चौक जींद में अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल, युवा कांग्रेस नेता पवन गर्ग, डा. रमेश बंसल, आम आदमी पार्टी महिला विंग की प्रदेश सलाहकार डा. रजनीश जैन, नगर परिषद जींद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी और किन्नर समाज की सीमा महंत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। धर्मशाला बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठी और हर ओर भक्ति का माहौल बन गया। महोत्सव का शुभारंभ बाबा श्याम के भव्य श्रृंगार के साथ हुआ। जिसे साहिल अत्री ने सुंदरता और श्रद्धा के साथ सजाया। संगीत की मनमोहक प्रस्तुति राहुल मुंडे म्यूजिकल ग्रुप ने दी। जबकि साउंड व्यवस्था एके साउंड द्वारा की गई। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र के प्रसिद्ध भजन गायक हर्ष गोयल और जींद के भजनी गायक नरेश भजनी ने अपने मधुर स्वर से बाबा श्याम के भजनों की ऐसी अमृतधारा बहाई कि श्रद्धालु झूम उठे। उपस्थित भक्तों ने झूम कर नाचते हुए हारे के सहारे की जय और श्श्याम तेरी बंसी पुकारे जैसे भजनों पर भक्ति में लीन होकर आनंद लिया।

#### प्रसाद वितरण किया

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति की पदाधिकारी ममता बंसल, साधना गुप्ता, सुमन मित्तल, अनीता गर्ग, लक्ष्मी गर्ग, मोनिका, सोनिया, आशीष जिंदल, डा. कैलाश व अन्य पदाधिकारी पिछले कई महीनों से तैयारियों में जुटे थे। इस अवसर पर डा. राजकुमार गोयल व अन्य मुख्य अतिथियों ने कहा कि श्याम बाबा जैसे धार्मिक आयोजन समाज को एकता, प्रेम और सेवा का संदेश देते हैं। जींद में धार्मिक और सामाजिक कार्यों में महिलाओं की सक्रिय भूमिका काबिल ए तारीफ है। महोत्सव के अंत में समिति द्वारा बाबा श्याम के जयकारों के साथ प्रसाद वितरण किया गया। पूरा वातावरण श्याम नाम की गूंज से सराबोर हो गया।


जींद। नगूरां गोपाल गोशाला में गौ पूजन करते जिला संयोजक गोस्वामी राजबीर।

### गाय का दूध अमृत के सामानः राजबीर

**जींद।** नगूरां गांव के सरस्वती पब्लिक स्कूल में गोपाष्टमी के पावन पर्व एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य डा. प्रदीप खटकड़ ने की तथा मुख्यातिथि के रूप में नगूरां श्री कृष्ण गौशाला के प्रधान रणधीर नबंरदार ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में गौसेवा गतिविधि के जिला संयोजक गोस्वामी राजबीर ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल प्रबंधक कुलदीप दलाल ने किया। इस दौरान गौ विज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। जिला संयोजक गोस्वामी राजबीर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि गाय माता प्राणी नहीं, बल्कि सनातन धर्म का प्राण है अर्थात गाय माता जानवर नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति की जान है तथा चलता फिरता चिकित्सालय एवं विज्ञान है। यही नहीं गाय माता का दूध केवल दूध नहीं बल्कि अमृत के सामान है। गोपाल गौशाला नगूरां में गौ पूजन करके गोपाष्टमी के महत्व को बताया गया। गोस्वामी राजबीर ने बताया कि गोपाष्टमी दिवाली के बाद आने वाली वह अष्टमी है, जिस दिन श्री कृष्ण भगवान पहली बार गौ चराने के लिए गए थे।

**खबर संक्षेप**

### गोपाष्टमी पर गोमाता की सेवा का पुण्य कमाया

**पूंडरी।** गोपाष्टमी के बारे में बताते हुए पंडित रविदत्त शास्त्री ने कहा कि कार्तिक शुक्ल अष्टमी को गोपाष्टमी कहते हैं। यह गो पूजन का विशेष पर्व है। आज के दिन प्रातः काल गायों को स्नान कराकर गंध व पुष्प से उनका पूजन किया जाता है। इस दिन गायों को ग्रास देकर उनकी परिक्रमा करें और थोड़ी दूर तक उनके साथ जाएं तो सब प्रकार की सिद्धि होती है। सायं काल जब गाय चर कर वापस आए उस समय भी उनका अतिथि अभिवादन और पूजन करके उन्हें हरी घास व भोजन खिलाएं और उनकी चरण ललाट पर लगाएं। इससे सौभाग्य की वृद्धि होती है।

### बिरला स्कूल का अबेकस में शानदार प्रदर्शन

**राजौंद।** शहर के असंध रोड पर स्थित बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को अबेकस अभ्यास कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद अधिवक्ता मंजू राणा ने छात्र-छात्राओं के सीखने के स्तर का आकलन करने के लिए उनका व्यावहारिक परीक्षण लिया। अधिवक्ता मंजू राणा ने स्वयं बच्चों की अबेकस गणना की गति और सटीकता को जांचा,जिससे छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा।

### आयुष्मान व चिरायु योजना को लेकर उठ रहे सवाल

**पूंडरी।** पूंडरी जिला कष्ट निवारण समिति के पूर्व सदस्य एवं कांग्रेस नेता प्रेम धीमान ने कहा है कि प्रदेश की बीजेपी सरकार आयुष्मान भारत और चिरायु हरियाणा योजना को लेकर पूरी तरह फेल साबित हो रही है। अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से यह साफ झलकता है कि गरीब जनता के स्वास्थ्य हित अब सरकार की प्राथमिकता में नहीं रहे।

धीमान ने बताया कि सरकार ने करीब छह महीने पहले मान्यता प्राप्त प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिए पांच गंभीर बीमारियों को आयुष्मान योजना से बाहर कर दिया था। इनमें मोतियाबिंद का ऑपरेशन, सांस की बीमारी, उल्टी-दस्त की समस्या, पित्त की थैली का ऑपरेशन और बच्चेदानी निकालने की बीमारी का इलाज शामिल है। अब सरकार ने एक बार फिर 11 और गंभीर बीमारियों के इलाज पर भी पाबंदी लगा दी है। प्रेम धीमान ने कहा कि सरकार सिर्फ वाहवाही लूटने में लगी है।

## आगरा के बोस्टन पब्लिक स्कूल में किया शानदार प्रदर्शन

# रोलर बॉल में हरियाणा ने वेस्ट बंगाल को 8-0 से हराया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

रोल बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से आयोजित 18वीं सब-जूनियर (अंडर -14) रोल बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो कि 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक आगरा के बोस्टन पब्लिक स्कूल आगरा उत्तरप्रदेश में सम्पन्न हुई थी।

जिसमें हरियाणा की लड़कियों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़कियों की टीम ने राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। देश की 21 राज्यों से लड़कियों की टीम ने भाग लिया जिसमें हरियाणा कि लड़कियों की टीम पूल ए मे मणिपुर,असम, वेस्ट बंगाल, महाराष्ट्र, आरएसएस ये सभी टीमें हरियाणा लड़कियों की टीम के साथ खेली ओर सभी टीमों के साथ विजय प्राप्त करी। इसमें इन सभी टीमों के रिजल्ट में हरियाणा ने पहले मैच मे वेस्ट बंगाल को 8-0 से हराया, दूसरे मैच मे असम टीम को 4-3 से हराया,तीसरे मैच मे महाराष्ट्र टीम को 4-1 से हराया, चौथे मैच मे आरएसएस टीम को 3-1 से हराया, पुल के पांचवे मैच मे मणिपुर टीम को 8-2 से हरा कर हरियाणा लड़कियों कि टीम ने क्वाटर फ़ाइनल मे प्रवेश किया।

### सेमीफाइल में तमिलनाडु को हराया

क्वार्टर फ़ाइनल मुकाबला तमिलनाडु के साथ खेला जिसमें हरियाणा की टीम ने तमिलनाडु की टीम को 3-1 से हराकर सेमी फाइनल मे प्रवेश किया ओर इसी के साथ हरियाणा की टीम ने सेमी फाइनल मुकाबला जम्मू कश्मीर के साथ खेला ओर हरियाणा की टीम ने जम्मू कश्मीर की टीम को सेमी फाइनल मे 2-1 से हराकर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला उत्तर प्रदेश की टीम के साथ मैच खेला जिसमें हरियाणा लड़कियों की टीम ने फाइनल मैच मे उत्तर प्रदेश को 7-3 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हरियाणा लड़कियों कि टीम में हरियाणा के कैथल जिले से यहवी, आदित्वा, हिसार जिले से यशिका, सोनीपत जिले से तेजल,तनीषा, एंजल,रोहतक जिले से दीवा,भव्या, गीतिका, तनिष्का, गुरुग्राम से कनक,नित्या कौल ये सभी विजेता खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से 18वीं सब-जूनियर नेशनल रोल बॉल प्रतियोगिता जीती।और शानदार प्रदर्शन कर अपने हरियाणा राज्य का नाम भारत मैं रोशन किया। हरियाणा रोल बॉल एसोसिएशन के महासचिव वा रोल बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष श्री रणवीर सिंह जी ने सभी खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद दिया ओर भविष्य में ऐसे ही अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। हरियाणा में पहुंचने पर रोल बॉल एसोसिएशन ऑफ हरियाणा ने सभी खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया।

# शहीदी दिवस पर माता गुजरी पब्लिक स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित

- छात्र-छात्राओं ने जीवन दर्शन चित्रों के माध्यम से व्यक्त किया संदेश
- विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीवन

गुरु तेग बहादुर की शहीदी दिवस पर माता गुजरी पब्लिक स्कूल, कांगथली के प्रांगण में एक ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्राथमिक से लेकर उच्च कक्षाओं तक के कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपने चित्रों के माध्यम से गुरु के साहस, त्याग और धार्मिक सहिष्णुता के संदेश को दर्शाया। प्रतियोगिता में निम्न प्रमुख छात्र-छात्राओं ने शीर्ष स्थान प्राप्त कि नौवीं कक्षा के अभिजोत सिंह, सातवीं कक्षा की छात्रा सहजप्रीत कौर और दूसरी कक्षा के छात्र तेजविराज सिंह को प्रथम स्थान देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक परविन्द्र कौर ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने अपने समय में सत्य और धर्म के लिए अदम्य साहस दिखाया। हमें भी उनके आदर्शों पर चलकर सत्य, इंसानियत और सहिष्णुता का पालन करना चाहिए। तरह की सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियां बच्चों में इतिहास व नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं और उन्हें सामाजिकता व संवेदनशीलता का पाठ पढ़ाती हैं।



सीवन। माता गुजरी स्कूल में अपनी बनाई पेंटिंग दिखाते बच्चे।

### सिद्धांतों का पालन करने की शपथ दिलाई

प्रधानाचार्य मिथिलेश कुमार ने छात्रों को गुरु जी के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके संदेश के बारे में संक्षेप में बताया तथा कहा कि बच्चों के द्वारा तैयार किए गए चित्र इस बात का प्रमाण हैं कि आने वाली पीढ़ियां गुरु जी की शिक्षाओं को समझ रही हैं और उन्हें अपने जीवन में उतारने का संकल्प ले रही हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने न केवल चित्रण किया बल्कि गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस का महत्व भी समझा। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने गुरु जी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने तथा सच्चाई, सहनशीलता व धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का पालन करने की कसम खाई। आयोजन में स्कूल के शिक्षकों, स्टाफ और अभिभावकों की उपस्थिति रही जिन्होंने कार्यक्रम का समुचित संचालन सुनिश्चित किया।

# दूर-दूर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा नागा से लिया आशीर्वाद

- गोमाता की पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीवन



सीवन के डेरा बाबा नागा जी योग आश्रम में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

गोपाष्टमी के पावन पर्व पर सीवन स्थित योगीराज श्री गुरु बाबा नागा जी महाराज के पवित्र आश्रम में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भावना से ओतप्रोत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। प्रातःकाल से ही आश्रम परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा नागा जी महाराज को सीस नवाया और गौ माता की पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गोपाष्टमी पर विशेष रूप से यह भंडारा आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि जो भी सच्चे मन से गुरु बाबा नागा जी महाराज के दरबार में आता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। इसी अटूट आस्था के चलते आश्रम में भक्तों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन और यज्ञ के साथ हुई। भंडारे की तैयारियों में सेवकों ने कई दिन पूर्व से ही पूरी लगन के साथ कार्य किया। आयोजन के दौरान सेवकों ने अनुकरणीय सेवा भावना का परिचय दिया।

# भारत जल्द विकसित राष्ट्रों में शामिल होगा: अहमद

- आत्मनिर्भर भारत एक नए युग की शुरुआत विषय पर विशेष व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल




एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में अधिकारियों को सम्मानित करते पदाधिकारी

एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ सोशल साइंस एंड हमुनीटीज द्वारा आत्मनिर्भर भारत विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. के. सी.रलहन ने शिरकत की। कार्यक्रम संयोजक एवं डीन ऑफ सोशल साइंस एंड हमुनीटीज डॉ एकता चहल ने आए हुए अतिथि का स्वागत किया और कार्यक्रम की उपयोगिता बताई । कार्यक्रम में मंच संचालन पर प्राध्यापिका सुनीता ने किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर डॉ शमीम अहमद ने अपने वक्तव्य में कार्यक्रम आयोजकों को सफल आयोजन की बधाई दी और आत्मनिर्भर भारत अभियान को देश की संपूर्ण तरक्की के लिए महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इससे हमारे सामाजिक ,धार्मिक ,आर्थिक ,सांस्कृतिक सभी क्षेत्र में समन्वय बनेगा और जल्द से जल्द हमारा देश विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल होगा। प्रो.के.सी. रहलन ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत अभियान का उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत, सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं ।

### ये रहे मौजूद

आत्मनिर्भर भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाना है।सरकार स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दे रही है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर विवि कुलसचिव डॉ राजीव दहिया , विवि जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार, प्रोफेसर रविंद्र पांडे, डॉ मोहम्मद इसाक, डॉ सुमन रानी, डॉ अनिल कुमार, प्राध्यापक अमरजीत मोर, प्राध्यापिका सुमन रानी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# भाजपा का शासन केवल झूठे नारों और खोखले भाषणों पर टिका है : दिलबाग

हरिभूमि न्यूज. सीवन



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिलबाग सिंह पटवारी ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा ने देश व प्रदेश की जनता को वादों के मीठे जाल में फंसाकर दर्द और निराशा के सिवाय कुछ नहीं दिया। भाजपा का शासन झूठे नारों और खोखले भाषणों पर टिका है। जबकि जनता की थाली आज भी खाली है पटवारी ने कहा कि महंगाई की मार से हर घर का बजट बिगड़ चुका है, युवाओं के सपने सरकारी बेरुखी से टूट चुके हैं। भाजपा के पास प्रचार का दम है, मगर जनता के जीवन में सुधार का कोई काम नहीं। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता दिलबाग पटवारी ने कहा कि अब दिल्ली की राजनीति जनता की उम्मीदों का नहीं, कैमरों का खेल बन चुकी है। प्रदेश में विकास का हाल यह है कि सड़कों पर गड्ढे और लोगों के दिलों में भाजपा सरकार के प्रति गुस्सा बढ़ता जा रहा है।

### अधिकतर जनता के घरों में अंधेरे और बेरोजगारी का आलम

भाजपा नेता मंच पर विकास की बात करते हैं, मगर अधिकतर जनता के घरों में अंधेरे और बेरोजगारी का आलम है। उन्होंने कहा कि किसान दुखी हैं, व्यापारी परेशान हैं और नौजवान ठगा हुआ महसूस कर रहा है। सरकार ने 11 वर्षों में सिर्फ अपनी पीठ थपथपाने के सिवाय कोई काम नहीं किया।

### सत्य भारती स्कूल करोड़ा में लगा स्वास्थ्य शिविर



**राजौंद।** सत्य भारती स्कूल करोड़ा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई। डा. राजेश कुमार और डॉक्टर सुहानी ठाकुर ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान बच्चों को रोज की दिनचर्या के बारे में विस्तार से बताया गया। जैसे हाथ धोकर खाना खाना चाहिए, दांतों की देखभाल और व्यक्तिगत स्वच्छता जैसी अच्छी आदतों पर ध्यान देना चाहिए, इसके अलावा बच्चों को स्वच्छ आहार और पोषण के महत्व के बारे में समझाया गया।इस दौरान सत्य भारती स्कूल करोड़ा की हेड टीचर सुमन देवी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

# कार्यशाला में भाग लेने के लिए किया प्रेरित

- महिला महाविद्यालय में लगाई पांच दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



कैथल। छात्राओं को संबोधित करते अधिकारी फोटो : हरिभूमि

कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत में पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के चौथे दिन सरस्वती क्लासेस से सौरभ मान व पुष्पेंद्र ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विज्ञान की ट्रिक पर अपना व्याख्यान दिया। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज एवं कार्यशाला की आयोजक इतिहास प्राध्यापिका शीला ने छात्राओं को इस कार्यशाला में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में सौरभ मान ने छात्राओं को विज्ञान विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्राओं को बहुत ही सरल तरीके से बताया कि विज्ञान के मुश्किल सवालों को किस तरह से विभिन्न प्रकार की ट्रिकों के माध्यम से कम समय में हल किया जा सकता है। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील गर्ग ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्राओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं ।

## गोपाष्टमी महापर्व का भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

# श्रद्धालुओं ने गोमाता की सेवा कर पुण्य कमाया

**समाजसेवी सतीश गर्ग और सुभाष गोशाला के निर्माण में लगातार सहयोग दे रहे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



कैथल। गोपाष्टमी पर गायों की सेवा करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

चंदाना गेट स्थित गौशाला में गोपाष्टमी महापर्व संवत 2082 का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। घायल गोवंश के एकमात्र चिकित्सालय शिव गौ सेवा धाम चिकित्सालय, चंदाना गेट कैथल में हर वर्ष की भांति इस बार भी यह पावन पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे गौ पूजन और हवन से हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने गोमाता की सेवा कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। भागवत कथा और भजन संध्या का आयोजन पूरे वातावरण को भक्तिमय बना गया। इस अवसर पर पंडित अंकुर शर्मा ने प्रवचन देकर धर्म, सेवा और गौसंरक्षण का संदेश दिया। भारत स्वाभिमान प्रभारी शिव गो चिकित्सालय प्रवक्ता रामचरण ने बताया कि भजन संध्या में भजन गायक जयपाल प्रजापति (टयोंठा), आचार्य रामचरण, सतीश वर्मा और शुभम वर्मा ने अपनी सुमधुर वाणी से उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति भाव में सरोबार कर दिया। महाकिन्नर, सुख दुआ समाज की गद्दीनशीन माई किरण भारद्वाज की टीम ने कार्यक्रम में पहुंचकर गौसेवा हेतु 51 हजार रुपये का दान दिया, जिससे उपस्थित सभी भक्तजन भावविभोर हो उठे। आयोजन समिति ने बताया कि गोपालाष्टमी पर्व केवल पूजा-अर्चना का अवसर नहीं, बल्कि गौमाता की सेवा, संरक्षण और समाज में जागरूकता फैलाने का माध्यम है। माई किरण भारद्वाज ने उपस्थित श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि गोमाता को पॉलीथिन या कचरे में फेंका हुआ भोजन कभी न दें क्योंकि इससे उनके जीवन को गंभीर खतरा होता है। उन्होंने कहा कि समाज को मिल जुलकर गौमाता की सेवा, सुरक्षा और पालन के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि गौशालाएं केवल सेवा के केंद्र नहीं, बल्कि मानवता और करुणा के प्रतीक हैं।

### हरियाणा दिवस कार्यक्रम में लगाए जाएंगे विभिन्न सेवाओं से संबंधित स्टॉल

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि हरियाणा दिवस के अवसर पर आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में एक नवंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की सेवाओं के संबंध में स्टॉल लगाए जाएंगे। लोग इन स्टॉल में आवेदन करके संबंधित योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इन विभागों में परिवार पहचान पत्र से जुड़ी सेवाओं के लिए क्रिड विभाग, पेंशन व लाडो लक्ष्मी योजना के लिए समाज कल्याण विभाग, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जैसी योजनाओं के लाभ के लिए बिजली निगम, कृषि संबंधी योजनाओं के लिए कृषि विभाग व रेडक्रॉस की ओर से प्राथमिक चिकित्सा के संबंध में स्टॉल लगाया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हरियाणा दिवस के आयोजन को भव्य बनाएं।

### युवा वर्ग देश की एकता और शक्ति का आधार : उपासना

**कैथल।** 31 अक्टूबर को भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में कैथल जिला पुलिस द्वारा भी इस दिवस को विशेष रूप से मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक उपासना ने वीरवार को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल कैथल का दौरा किया और विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर राष्ट्रीय एकता, नशा मुक्ति तथा साइबर सुरक्षा के विषयों पर विस्तृत रूप से जागरूक किया। एसपी उपासना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल भारत की एकता और मजबूती के प्रतीक थे। उन्होंने देश के 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर एक अखंड भारत का निर्माण किया। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

**ग्राम पंचायत जीतगढ़ (जीन्द)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव जीतगढ़ जींद में दिनांक 14.11.2025 को SC चौपाल में प्रातः 11 बजे सरेआम बाला वाला तालाब (रकबा 2.5 से 3 एकड़), खुड़िया वाला तालाब (रकबा 2 एकड़) की बोली 5 वर्ष हेतु पट्टे पर मछलीपालन के लिए ग्राम पंचायत द्वारा करवाई जाएगी। जिसकी नियम व शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। जमानत राशि 25000/- ली जाएगी।

ग्राम सचिव
मनोज कुमार खर्ब
7206718298

सरपंच
ममता
ग्राम पंचायत जीतगढ़
8930211751

## खबर संक्षेप

### मांगों को लेकर सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**उचाना।** उचाना उपमंडल कार्यालय में चल रहे संयुक्त किसानए मजदूर मोर्चा द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम दलजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा। किसान नेता आजाद पालवां ने कहा कि पीआर धान को एमएसपी पर खरीदे जानेए उठानए डीएपी कमी को दूर करनेए पराली उठान प्रबंधन करनेए मनरेगा की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

### उचाना खुर्द के चेतन का टीम हरियाणा में चयन

**उचाना।** उचाना खुर्द के चेतन का लड़कों की सब जूनियर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप टियर.2 के लिए टीम हरियाणा में चयन हुआ। पंजाब में आयोजित प्रतियोगिता में वो टीम हरियाणा का हिस्सा है। पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य सुरेश कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता 27 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है जो छह अक्टूबर तक चलेगी। गांव के युवाओं को निरंतर फुटबॉल की तरफ रूझान हो रहा है।

### फर्जी इंस्टा आईडी से भद्दे कमेंट्स पर मामला दर्ज

**जींद।** फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना भद्दे कमेंट्स कर परेशान करने पर उचाना थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव करसिंधु निवासी विनोद ने बताया कि साहिल ने फर्जी नाम से इंस्टाग्राम पर आईडी बनाई हुई है। जो उस आईडी से भद्दे कमेंट्स डाल रहा है। परेशानी का उठानी पड़ रही है।

## सरकार का उद्देश्य पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है योजनाओं का लाभ

# खरकड़ा राजकीय प्राथमिक पाठशाला में रात्रि ठहराव

आमजन की समस्याओं का रात्रि ठहराव के माध्यम से होता है त्वरित समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में समस्याओं का निदान करते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा तय समय पर गांव में हर महीनें रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इससे आम जनता का प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में आमजन की समस्याओं का त्वरित आधार पर समाधान किया जाता है। जिन समस्याओं का समाधान होने में समय लगता हैए उनको उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाकर उनका समाधान किया जाता है। जो शिकायत मुख्यालय स्तर की है उन्हें उच्च अधिकारियों के पास भेजकर समाधान करवाया जाता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी मुख्य उद्देश्य है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचें। इसी उद्देश्य को लेकर रात्रि ठहराव के माध्यम से जिला प्रशासन भी संबंधित व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ शीघ्र पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा बुधवार देर सायं सफीदों उपमंडल के गांव खरकड़ा में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में आमजन की समस्याओं को सुनने के दौरान ग्रामीणों को रात्रि ठहराव कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में गांव का कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत निसंकोच होकर दे सकता है तथा उस समस्या का प्रशासन द्वारा त्वरित आधार पर समाधान किया जाएगा। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में गांव निवासी अतर सिंह पुत्र अमरीक सिंह ने शिकायत दी कि उनके खेत में गंदा नाला उनके खेत में जाता है। जिससे उसको बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है। इस शिकायत पर डीसी ने बीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे 10 दिनों के अंदर-अंदर इस समस्या का समाधान करवाना सुनिश्चित करें। इस पर अतर सिंह ने डीसी का धन्यवाद किया और कहा कि सरकार द्वारा इस तरह के कार्यक्रम करवाना बहुत ही अच्छी पहल है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में गांव खरकड़ा निवासी करतार द्वारा शिकायत रखी कि वे लगभग 15 वर्षों से बतौर वाटर पंप ऑपरेटर कार्य कर रहा है। जिसका उसे पिछले पांच वर्षो से वेतन नहीं मिला है। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज व अन्य विभागों के अधिकारियों सहित बडौद सरपंच राकेश शर्मा, पाजुकलां सरपंच पवन कुमार, रत्ताखेड़ा सरपंच सुरेश सैनी, नवदीप, अनिल शर्मा, महेंद्र सिंह, मलकीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### जांच के दिए आदेश

इस पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा को इस मामले की जांच करने के निर्देश दिए और उनका समाधान करवाने का आश्वान दिया। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा रखी गई अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया है तथा शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए गए है। ग्राम पंचायत की और से गांव की सरपंच निरवैर सिंह ने अपना मांग पत्र रखा। उन्होंने कहा कि गांव में बहुत से कार्य करवाए जाने हैं, जिनका पंचायत के पास बजट उपलब्ध नहीं है। उन्होंने ग्राम पंचायत की सभी फिरनियों को पक्का करवाने, ग्राम सचिवालय और बैंकेट हॉल के अधूरे निर्माण को पूरा करवाने, राजकीय प्राथमिक विद्यालय में कमरों का निर्माण करवाने तथा कुलदीप सिंह के घर से निर्मल मिस्त्री के घर तक गली का निर्माण करवाने के डीसी मोहम्मद इमरान के समक्ष मांग रखी। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई मांगों को ध्यान से सुना और गांव खरकड़ा की ग्राम पंचायत की सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सभी मांगों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। जो कार्य होने वाले है उन्हें पूरा करवाया जाएगा।

# अनाज मंडी में बढ़ी धान 1121, 1509 की आवक



उचाना। धान की फसल से अटी अनाज मंडी।

■ एक सप्ताह तक अतिरिक्त मंडी में होगी अब खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

अनाज मंडी उचाना में कुछ दिनों से धान 1509, 1121 की आवक बढ़ रही है। आवक बढने से अनाज मंडी के सभी मार्गों पर जाम की स्थिति बनी हुई है। जाम से छुटकारा दिलाने के लिए अब एक सप्ताह तक हाइवे स्थिति अतिरिक्त मंडी में धान 1509, 1121 की खरीद होगी।

अब किसान एक सप्ताह तक अपनी फसल को अतिरिक्त मंडी में लेकर जाएंगे ताकि जो जाम की स्थिति हो वो कम हो। मार्केट कमेटी में दर्ज आंकड़ों के अनुसार 29 अक्टूबर तक 80427 क्विंटल धान 1509, 75527 क्विंटल धान 1121 की आवक हो चुकी है। धान 1509 बीते साल की अपेक्षा अबतक 8893 क्विंटल कम आई है तो धान 1509 बीते साल की अपेक्षा अबतक 52537 क्विंटल अधिक आई है। निरंतर कुछ दिनों से मंडी में दोनों फसलों की आवक अधिक हो रही है।

### भाव बीते साल से कम

इन दिनों प्राइवेट बोली पर धान 1509 के अधिक से अधिक भाव 2960 रुपये प्रति क्विंटल, कम से कम 2300 रुपयेप्रति क्विंटल मिल रहे है। बीते साल इन दिनों अधिक से अधिक 3261 रुपये प्रति क्विंटल, कम से कम 2150 रुपये प्रति क्विंटल भाव मिल रहे थे। ऐसे ही धान 1121 के भाव अधिक से अधिक 4000 रुपये प्रति क्विंटल तो कम से कम 3150 रुपये प्रति क्विंटल तक मिल रहे है। बीते साल इन दिनों अधिक से अधिक 4011 रुपये प्रति क्विंटल तो कम से कम 2761 रुपये प्रति क्विंटल तक मिल रहे थे। गुरूवार को किसान सुखबीर, राजबीर, मनोज ने कहा कि बीते साल की अपेक्षा इस बार भाव धान 1121, 1509 के कम मिल रहे है। इस बार आवक भी बीते साल से कम हो रही है। किसान को प्रति एकड़ 20 से 25 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस बार फसल पर खर्चा अधिक हुआ। मार्केट कमेटी सचिव योगेश ने कहा कि अनाज मंडी में अधिक आवक होने से एक सप्ताह तक धान 1121, 1509 अतिरिक्त मंडी में किसान लेकर जाएंगे ताकि जो जाम की स्थिति बनी है वो कम हो।

# कल अंतरराष्ट्रीय ढुल सम्मेलन ऐतिहासिक होगा : रामराजी ढुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



रामराजी ढुल

समाज में शिक्षा, संस्कार और एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1 नवंबर को अमृत फार्म, ढांड रोड, कैथल में "अंतर्राष्ट्रीय ढुल सम्मेलन" का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए किसान यूनियन के प्रेस प्रवक्ता राजराजी ढुल ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से शिक्षा एवं संस्कार को समर्पित पारिवारिक सम्मेलन होगा, जिसमें देश-विदेश से ढुल परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस सम्मेलन की अध्यक्षता हरपाल सिंह ढुल, अध्यक्ष सर्व ढुल खाप एवं सर्व ढुल खाप कल्याण समिति द्वारा की जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार इस सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य समाज में नई पीढ़ी को शिक्षा के महत्व से जोड़ना, पारिवारिक एकता को मजबूत करना और संस्कारों की परंपरा को आगे बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में पढ़ाई व अन्य क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाली समाज की बेटी डा. संगीता ढुल सहित समाज की बेटियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को लेकर लोगों में जोश व उत्साह है।

# शिक्षकों को लगाया मजदूरों की कॉपी जांच में

■ बच्चे फिर रहे स्कूलों में खाली कैसे पढ़ाई में होंगे निपुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। बैठक में भाग लेते संघ पदाधिकारी।

प्राथमिक शिक्षकों को बीएलओ के काम में तो पहले ही लगा रखा था लेकिन अभी बाकी बचे हुए शिक्षकों को मजदूरों की कॉपी जांच का काम सौंपा गया है। जो यह दिखाता है कि अध्यापक को पढ़ाने नहीं देना जो उसका मूल कार्य है उसकी बजाय अन्य कार्यों में उलझाए रखा जाए ताकि सार्वजनिक शिक्षा को जल्दी से जल्दी खत्म किया जा सके। इस समस्या को लेकर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला जींद कार्यकारिणी ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा से बैठक की। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया कि अध्यापकों की समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। जिला प्रधान जितेंद्र बैनीवाल ने कहा कि अध्यापकों की विभिन्न समस्याओं जैसे एसीपी, मेडिकल, मुख्य शिक्षक पदोन्नति, वरिष्ठता सूची जारी नही की जा रही है। अध्यापकों से गैर शैक्षणिक कार्य लिए जा रहे हैं।

### यह रहे मौजूद

अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व सदस्य राजेश खर्ब ने कहा कि प्राथमिक शिक्षकों को इस प्रकार विद्यालयों से दूर करना गरीब बच्चों की पढ़ाई को छीनना है और बड़े-बड़े निजी विद्यालयों को लाभ पहुंचाना है। महासचिव अश्वनी नैन ने कहा कि राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जींद इस तरह से मजदूरों की कॉपी जांचने में लगाए गए कार्य का पुरजोर विरोध करता है और मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार और जिला प्रशासन से निवेदन करता है कि प्राथमिक शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करे। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष अभिमन्यु रेढू, खंड प्रधान अजय यादव, रामकेश, वेदप्रकाश, वीरेंद्र सहित अनेक अध्यापक मौजूद रहे।

# इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने संभाला ढांड थाना प्रभारी का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड



सुनील कुमार

ढांड थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बुधवार को विधिवत रूप से कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर थाना परिसर में पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

इंस्पेक्टर सुनील कुमार इससे पूर्व गुहला थाना में प्रभारी के पद पर कार्यरत थे। गौरतलब है कि ढांड थाना प्रभारी का प्रभार अब तक सब-इंस्पेक्टर रेखा रानी के पास था, जिनका हाल ही में स्थानांतरण गुहला थाना कर दिया गया है। दोनों अधिकारियों के पद परिवर्तन को विभागीय नियमित प्रक्रिया का हिस्सा बताया गया है। कार्यभार संभालने के बाद इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने कहा कि ढांड क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना, जन शिकायतों का त्वरित समाधान करना तथा महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा व नशा-विरोधी अभियानों को और प्रभावी ढंग से लागू करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि नए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस-जन सहयोग को नई दिशा मिलेगी।

# एनआईआईएलएम विवि में राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ



कैथल। सेमिनार में पहुंचे अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

■ 260 शोधार्थियों ने कराया पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय, कैथल में /"स्वदेशी ज्ञान प्रणाली और सतत विकास के लिए विज्ञान, प्रबंधन, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में हालिया प्रगति/" विषय पर एआईसीटीई द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का सफलतापूर्वक उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आए मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके की।

सेमिनार में पेपर प्रस्तुतियों के लिए 260 शोधार्थियों ने कराया पंजीकरण। प्रो. (डॉ.) एच. एल. वर्मा, कुलपति, बाबा मस्तनाथ विवि , रोहतक ने उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, प्रो. (डॉ.) शमीम अहमद, कुलपति, एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय ने अध्यक्षीय भाषण दिया। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से डॉ. अरुणा अंचल (विशिष्ट अतिथि) और डॉ. विजय कुमार गर्ग (मुख्य वक्ता) ने उद्घाटन सत्र के दौरान अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए प्रो.(डॉ.)एच. एल. वर्मा ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को विज्ञान, प्रबंधन, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ मिश्रित करने की आवश्यकता है। तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता डॉ. प्रेरणा और डॉ. अनुज ने की।

# परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। वुड स्टाक स्कूल के एमडी आशुतोष को निमंत्रण देते राजकुमार भोला।

राज्यस्तरीय हरियाणा टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन के लिए हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा विद्यार्थियों के ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पांच नवंबर तक जारी है। इस परीक्षा के प्रचार.प्रसार और अधिकतम विद्यार्थी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार भोला के नेतृत्व में जिला स्तर पर स्कूलों से सक्रिय संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस परीक्षा के तहत जींद जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों को निमंत्रण भेजकर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार भोला ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा का मुख्य उद्देश्य राज्य के मेधावी विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानना उन्हें प्रोत्साहित करना और एक सशक्त मंच प्रदान करना है।




राजौंद। गांव सोंगल में रैली निकालते विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों को पढाया नशामुक्ति का पाठ

**राजौंद।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोंगल में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज को नशे के दुष्परिणाम से अवगत करवाना और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम को मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश राविश ने बच्चों से कहा कि नशा हमारे देश की जड़ों को खोखला कर रहा है, नशे और तंबाकू से व्यक्ति ही नहीं बल्कि परिवार और समाज भी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को चाहिए की वह नशे और तंबाकू से दूरी बनाए रखें। विद्यालय के नोडल अधिकारी हिंदी प्राध्यापक सतवीर सिंह ने बच्चों को नशे और तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों को विस्तार से बताया। प्रधानाचार्य ने छात्रों को नशा मुक्ति रैली के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### वेदांता किड्स स्कूल में रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**नरवाना।** वेदांता किड्स इंटरनैशनल स्कूलए बसंत विहार में विद्यार्थियों की भाषा दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिंदी एवं अंग्रेजी रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पठन कौशलए सही उच्चारणए अभिव्यक्ति तथा आत्मविश्वास का विकास करना था। कार्यक्रम के शुभारंभ में शिक्षकों ने बच्चों को पठन के महत्व पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता को दो वर्गों हिंदी रीडिंग और अंग्रेजी रीडिंग में विभाजित किया गया। दोनों वर्गों में बच्चों ने पुस्तकों से सुंदर अनुच्छेदए कहानियां और कविताएं पढ़ीं। प्रतिभागियों ने स्पष्ट उच्चारणए उचित ठहराव और भावपूर्ण प्रस्तुति से कार्यक्रम में भाग लिया। कुछ विद्यार्थियों ने तो इतनी सुंदर अभिव्यक्ति दी कि निर्णायक मंडल ने भी उनकी प्रशंसा की।



नरवाना। प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चों के साथ प्राचार्या रश्मि जैन।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## जिले में उमंग, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाएगा हरियाणा दिवस

# जिलास्तरीय गीता जयंती महोत्सव होगा 28 नवंबर से : डीसी

डीसी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। हरियाणा दिवस और गीता महोत्सव को लेकर हरियाणा के मुख्य सचिव द्वारा ली गई वीसी से जुड़ते डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का श्रद्धाभाव और उत्साहपूर्वक 28 नवंबर से एक दिसंबर तक आयोजन किया जाएगा। डीसी ने गीता महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर गुरूवार को अधिकारियों के साथ मंथन किया और समय रहते सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली जाएं। डीसी ने बताया कि गीता महोत्सव का हवन के साथ शुभारंभ होगा। इससे पहले मुख्य सचिव अनुराग ने डीसी और अधिकारियों को वीसी से हरियाणा दिवस और गीता महोत्सव पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में जानकारी ली।

### रन फॉर यूनिटी में साथ दौड़ेंगे समस्त जिलावासी

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। जींद के पुलिस लाइन से शुक्रवार को सुबह सात बजे शुरू होने वाली रन फॉर यूनिटी को बतौर मुख्यअतिथि हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिढ़ा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

इसके बाद तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालय सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा भी आकर्षक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में समा बांधा जाएगा। इस दौरान धार्मिक ग्रंथ गीता पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी। गीता महोत्सव में विभिन्न विभागों और सामाजिक संगठनों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जाएंगी। इसी क्रम में हरियाणा सरकार द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी हरियाणा दिवस को पूरे उमंग, उल्लास और उत्साह के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। जींद जिला मुख्यालय पर एक नवंबर को हरियाणा दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्यता और गरिमामयी ढंग से आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणवी लोक कलाओं पर आधारित शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। वीसी उपरांत डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जींद में हरियाणा दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी में किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला के विश्वविद्यालय महाविद्यालयों और विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी संस्कृति पर आधारित शानदार प्रस्तुतियां दी जाएंगी।